nandgaon times sep-25-2.qxd 9/24/2025 11:56 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3




# नांदगांव टाइम्स




गुरूवार, 25 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 338, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## कौशल विकास प्रशिक्षण से जीवन भर के लिए मिलता है हुनर : डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में आयोजित ऑफर लेटर वितरण सह राजमिस्त्री प्रशिक्षण के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सांकरा में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी को क्वांर नवरात्र पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कौशल उन्नयन के लिए कॉलेजों की स्थापना की गई और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के बड़े-बड़े शहरों में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिले, इसके लिए योजना का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कौशल का कार्य आना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने चीन एवं जापान यात्रा के दौरान हुए अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इन देशों की 80 से 85 प्रतिशत आबादी किसी न किसी क्षेत्र में हुनरमंद है। छोटे-छोटे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर बड़े-



बड़े कार्य किए जा सकते हैं। विकसित देशों में कौशल उन्नयन के सबसे ज्यादा कार्य हो रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शासन की कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का कौशल विकास हो रहा है और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमिस्त्री का कार्य पहले पुरूष ही करते थे, लेकिन शासन ने महिलाओं को भी प्रशिक्षण प्रदान कर राजमिस्त्री बनने का अवसर दिया है। साथ ही कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत गारमेंट मेंकिंग, टूरिजम एण्ड हॉस्पिटालिटी, इलेक्ट्रिशियन, सोलर पैनल सहित अन्य पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के अवसर मिल भी रहे है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाया जा रहे है, इससे रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करने से जीवन भर का हुनर मिलता है। उन्होंने कहा कि यहां से सोलर पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 28 हितग्राहियों को ऑफर लेटर का वितरण किया गया है एवं राजमिस्त्री कोर्स में 30 हितग्राहियों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को 200 रूपए प्रति दिवस का मानदेय खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ अद्भुत परिक्रमा पथ : डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स ) ।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ की परिकल्पना 2015 में की गई थी और यह परिकल्पना 2025 में पूरी हो रही है। माँ बम्लेश्वरी पर्यावरण परिक्रमा पथ अद्भूत परिक्रमा पथ है। परिक्रमा पथ में छत्तीसगढ़ में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतीक के रूप में स्थापित की गई है। यह परिक्रमा पथ साढ़े तीन किलोमीटर लम्बा है। जिसमें फलदार, छायादार एवं विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार से अधिक पेड़ लगाए गए है। डोंगरगढ़ आने वाले देश एवं प्रदेश के पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह परिक्रमा पथ आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ नगर के नागरिकों को प्रभात फेरी के लिए एक अच्छा स्थल मिल गया है। इस तरह परिक्रमा पथ श्रद्धा, सेहत एवं संस्कार के लिए भी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष तौर पर परिक्रमा पथ को बनाया गया है। परिक्रमा पथ पर बच्चों के मनोरंजन के लिए सिंह, हिरण एवं अन्य वन्यजीवों के चित्र भी बनाए गए है।

## कैट छत्तीसगढ़ कार्यालय का भव्य शुभारंभ में राजनांदगांव टीम की भागीदारी

### राजनांदगांव कैट ने अमर परवानी एवं भावेश अग्रवाल का जन्मदिन एक साथ मनाया

राजू डागा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) छत्तीसगढ़ के नवीन कार्यालय का भव्य शुभारंभ आयोजित किया गया, जिसमें जिला राजनांदगांव की टीम ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में व्यापार जगत के कई वरिष्ठ और गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसर पर राजनांदगांव की टीम ने अपने वरिष्ठ सदस्य अमर पारवानी एवं राजनांदगांव के भावेश अग्रवाल को उनके जन्मदिन पर बधाई इस अवसर पर कैट के संरक्षक अनिल बरडिया, शरद अग्रवाल, अशोक पांडे, राजू



डागा, भावेश अग्रवाल, ओमप्रकाश भूतड़ा, संजय तेजवानी, प्रकाश कांकरिया, संजय जैन, अरूण शुक्ला, एवं कमल राजपूत आदि। कार्यक्रम में व्यापारिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में नई पहल की घोषणा की गई और सदस्यों ने नए कार्यालय की सफलता एवं व्यापारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। शुभारंभ समारोह में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि CAIT का यह नया कार्यालय व्यापारियों के हित में सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

## ग्राम चांदो में शराब बंदी की दिशा में बना कठोर नियम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरे छत्तीसगढ़ में नशाखोरी अपने चरम पर है । गांव गांव में कम उम्र के लड़के अपनी दिनभर की की कमाई को शाम को शराब पीकर खत्म कर रहे हैं । नशे की हालत में चौक चौराहों पर गाली गलौज करना, पैसे की उगाही करना एवं चोरी जैसे कुकृत्यों को अंजाम देना आम बात हो गई है ।ऐसी ही गंभीर स्थिति समीपस्थ ग्राम चांदो में भी निर्मित हो चुकी है। जहां छपरी लड़के शाम को खुले रूप से शराब सेवन तो करते ही थे साथ में शराब की शीशी को स्कूल के अंदर फेंक देते थे । नशे की हालत में सार्वजनिक स्थानों में गाली देना, लड़ाई झगड़ा करना जैसे कृत्यों के कारण अच्छे लोगों को बहुत परेशानी हो रही थी । जिसके कारण गांव के वरिष्ठ लोगों ने बैठक लेकर गांव स्तर पर कठोर नियम पारित किया । सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करने वाले पर 5000 आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है । प्रमाण सहित बताने वाले को 3000 इनाम दिया जाएगा । इसी प्रकार अवैध शराब बिक्री , खुला डिस्पोज़लङ्क चखना बेचने एवं फ्री फायर या अन्य ऑनलाइन सट्टा खेलने पर भी आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है । उक्त नियम की सूचना कोटवार से मुनादी करवाकर दे दी गई है । उक्त नियम को पारित करवाने में ग्राम पटेल मानिक देवांगन, ग्राम प्रमुख डालचंद साहू, पुखराज देवांगन, विवेक वैष्णव, पंच मिलन दास साहू, चंद्रभान साहू,लिलेश्वर देवांगन, पुष्पक देवांगन, पूरण साहू , दादू साहू, राकेश ह्ढ्ढद्ध , सुखराम, भरत लाल सहित अनेक वरिष्ठ जनों की अहम भूमिका रही, गांव के युवा कृषक प्रतुल कुमार वैष्णव ने कहा है कि हम नशे की लत में गिरफ्त युवाओं के लिए मोटिवेशनल कैंप का आयोजन करेंगे ।



## भक्ति की विडंबना: आरती के लिए 5 मिनट नहीं गरबा के लिए 4 घंटे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भक्ति की सच्चाई समय और प्राथमिकताओं का आईना है। लोग गरबा के लिए 4 घंटे निकालते हैं, पर आरती के लिए 5 मिनट नहीं। गरबा मनोरंजन है, आरती भक्ति का क्षण। प्राथमिकताएं तय करती हैं हम क्या करते हैं। भक्ति में भाव की गहराई जरूरी है। छोटे क्षण भी आत्मिक शांति देते हैं। समय प्रबंधन प्राथमिकता दिखाता है। सच्ची भक्ति समय से परे होती है। मन की स्थिति और समर्पण पर निर्भर करती है।



nandgaon times sep-25-2.qxd 9/24/2025 11:56 PM Page 2



# छत्तीसगढ़ हॉकी की अनिशा साहू ऑस्ट्रेलिया में दिखाऐंगी जौहर, प्रदेश की बेटी ने बढ़ाया मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बैंग्लोर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जूनियर इंडिया कोर टीम में शामिल प्रदेश की अनिशा साहूका चयन ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले इंडियन जूनियर वोमेन्स स्क्वाड फ़ॉर ऑस्ट्रेलिया टूर के लिए किया गया है यह टूर आने वाले समय में आयोजित जूनियर महिला वर्ल्ड कप 2025 की तैयारियों को लेकर किया जा रहा है इस 24 सदस्यी टीम में से ही उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन दिसंबर में होने वाले स्त्रह्व॥ हॉकी जूनियर महिला विश्वकप के लिए किया जायेगा। ज्ञात हो कि कु.अनिशा साहू विगत 4 वर्षो से जूनियर टीम की सदस्य के रूप में शामिल है और उन्होने अपने खेल के प्रदर्शन के आधार पर यह जगह बनाई है।

छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया की ऑस्ट्रेलिया में आगामी 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने आगामी पाँच मैचों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार शाम बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। टीम सिडनी होते हुए कैनबरा पहुँच रही है जहाँ वे इस साल के अंत में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफ्आईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले एक महत्वपूर्ण तैयारी श्रृंखला में भाग लेंगे। 26 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक होने वाले इस दौरे में भारत अपने पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफखेलेगा, उसके बाद स्थानीय टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगा। सभी मैच 26 सितंबर, 27 सितंबर, 29 सितंबर, 30 सितंबर और 2 अक्टूबर को कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में खेले जाएँगे। 'आनंदना' कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थित, यह एक्सपोज़र टूर विश्व कप के लिए टीम की महत्वपूर्ण तैयारी का हिस्सा है और खिलाड़ियों को उच्च-गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफविदेशी परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करने का बहुमूल्य अनुभव प्रदान करेगा।




दिनांक 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित ऑस्ट्रेलिया टूर में भाग लेने के पूर्व कु.अनिशा बेल्जियम,नीदरलैंड और जर्मनी , अर्जेंटीना, का दौरा कर चुकी है, भारतीय हॉकी टीम की ओर से यह उसका तीसरा दौरा होगा जब वह जूनियर महिला इंडिया टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी। छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव श्री मनीष श्रीवास्तव ने बताया की यह बढे ही गर्व का विषय है कि आज प्रदेश की बेटी देश के लिए खेलने जा रही है। अनिशा साहू विगत कई वर्षो से छत्तीसगढ हॉकी की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है । उनकी इस उपलब्धि पर पूरा प्रदेश गौरावित है। अनिशा साहू के ऑस्ट्रेलिया टूर में चयन होने पर माननीय विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छ. ग. शासन, डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छ ग. शासन,उप मुख्यमंत्री, एवं खेल मंत्री श्री अरूण साव , प्रभारी मंत्री श्री गजेंद्र यादव,खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलामे सांसद श्री संतोष पांडे,श्री मधुसूदन यादव (महापौर)श्री अभिषेक सिंह (पूर्व सांसद) श्री सचिन बघेल(अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक) श्री दलेश्वर साहू(विधायक, डोंगरगांव)श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल (विधायक डोंगरगढ़)श्री विक्रम सिसोदिया महासचिव छ.ग. ओलंपिक संघ ,श्री फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, श्री मनीष श्रीवास्तव महासचिव छत्तीसगढ़ हॉकी,श्री डी रविशंकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री ए एक्का सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव, निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, कोषाध्यक्ष सुश्री आशा थॉमस ,जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन,कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया भुषण सॉव, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर) पार्षद छोटेलाल रामटेके,ज्ञानचंद जैन, गणेश प्रसाद शर्मा,अनुराज श्रीवास्तव,अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया राजू रंगारी, महेंद्र ठाकुर, गुणवंत पटेल कुमार स्वामी,सहित छत्तीसगढ़ के सभी हॉकी प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## राज्यपाल ने भोरमदेव मंदिर परिसर में किए बिहान स्टॉलों का अवलोकन, लखपति दीदियों से की मुलाकात

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने आज बाबा भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने लखपति दीदियों से भेंटकर आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे उनके प्रयासों की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने महिलाओं द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों तथा उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहान योजना से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि समाज में नई पहचान भी बना रही हैं।



## प्रबुद्ध जन सम्मेलन में जीएसटी रिफार्म एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला होगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के पावन प्रसंग पर प्रबुद्ध जन पखवाड़ा सेवा समिति द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी रिफ़ॉर्म द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन 25 सितंबर को दोपहर 1 बजे को सिंधु भवन, हेमू कालानी नगर लालबाग में किया जा रहा है। जिसमें वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी, योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल जी वक्ता के रूप में सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। प्रबुद्ध जन सेवा पखवाड़ा समिति के संयोजक योगेश बागड़ी, राजा माखीजा, आलोक बिंदल, राजेश खांडेकर एवं अमर लालवानी ने बताया कि प्रबुद्ध जन सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना, जीएसटी रिफ़ॉर्म की कम दर होने पर लोगों को जागरूक किया जाएगा और प्रतिभाशाली दिव्यांगजनों का सम्मान किया जाएगा,साथ ही मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रबुद्ध जन समिति के अनुसार कार्यक्रम में समाज के प्रमुख,चार्टर्ड अकाउंटेंट, जीएसटी से जुड़े हुए व्यापारी बंधु, चैंबर ऑफ़कॉमर्स के प्रतिनिधि, अधिवक्तागण, प्रोफेसर एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के सुधीजन विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

**शुभांक**

7-8-0

590-4 478-9

**भाग्यांक**

356-4 570-2

# सागौन की लकड़ी की कटाई करते तीन आरोपी पकड़ाए

## वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव की कार्यवाही







**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वन विभाग की रात्रि गश्त पार्टी को जंगल में तीन आरोपियों को सागौन की लकड़ी काट कर परिवहन करने की फिराक में रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि 23 सितंबर 2025 की रात्रि लगभग 2:30 बजे वन मंडल राजनांदगांव के अंतर्गत डोंगरगढ़ के उत्तर बोरतलाव क्षेत्र अंतर्गत कोलार घाट उप परीक्षेत्र क्रमांक 447 के समीप में रात्रि गस्त के दौरान वन विभाग की टीम ने तीन व्यक्ति को अवैध लकड़ी कटाई कर परिवहन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है जिन्होंने अपना नाम ओमप्रकाश पिता धनलाल वर्मा ग्राम अछोली,नरेंद्र पिता भवन गोड ग्राम अछोली, गुलाब पिता फिरंगी छेदिया ग्राम अछोली बताया गया। बीती रात वन विभाग के सुरक्षा श्रमिक के द्वारा सूचना व रात्रि ग्रस्त के दौरान वन विभाग ने आरोपियों को पकड़ा। वन विभाग की टीम के द्वारा लकड़ी सहित परिवहन में प्रयुक्त बोलोरो पिकअप छ्त्र 07⁄छ्व 4821 को जप्त कर लिया गया है। वन विभाग द्वारा जंगलों में अवैध शिकार अवैध परिवहन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

## भोरमदेव मंदिर परिसर में राज्यपाल श्री रमेन डेका का उप मुख्यमंत्री ने किया आत्मीय स्वागत

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में आगमन पर उप मुख्यमंत्री एवं



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक, डीएफ्ओ सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी राज्यपाल का हार्दिक स्वागत किया। छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति ने अपने पारंपरिक बैगा नृत्य के माध्यम से राज्यपाल का अभिनंदन कर स्थानीय संस्कृति की अनूठी झलक प्रस्तुत की।

# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी राजनांदगांव पहुंची

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी जी का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजनांदगांव में प्रथम आगमन हुआ। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जन्म जयंती 17 सितंबर से 2 अक्टूबर सेवा पखवाड़ा के रूप में बूथ स्तर पर मना रहे हैं,जिस हेतु सेवा पखवाड़ा महिला मोर्चा को दायित्व मिल रहा है, और मिला है उसको पूरे निष्ठा के साथ करने को कहा सर्वप्रथम प्रदेश के अध्यक्ष विभा अवस्थी जी मां पाताल भैरवी का दर्शन की उसके बाद भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा ने भव्य स्वागत हुआ उनके आगमन पर भाजपा कार्यालय में परिचय एवं भेंट मुलाकात का कार्यक्रम रखा गया है । उसके बाद जिला पंचायत में स्वस्थ नारी सशक्त नारी का कार्यक्रम को संबोधित किया इस अवसर पर जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष किरण साहू जी ने भी संबोधित किया मंच संचालन महिला मोर्चा महामंत्री देव कुमारी साहू ने किया इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा राजनांदगांव की पदाधिकारी राजेश्वरी साहू पूनम शर्मा तेजमल देश मुख पुष्प लता गंधर्व संगीता मिश्रा मनी भास्कर गुप्ता, अक्षय तिवारी, छाया तिवारी, सविता बॉस, मधु वैध, मीना यादव, पुष्पा गायकवाड, मिथिलेश्वरी वैष्णव, रेनू सूर्यवंशी पुष्पवी के महिला मोर्चा के1पदाधिकारिय विशिष्ट अतिथिगण, सदस्यगण, सभी पार्षदगण एवं जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य समस्त उपस्थित थे।



## नवोदय विद्यालय में चयन हेतु प्रथम निःशुल्क मेगा मॉक टेस्ट में 350 बच्चों ने भाग लिया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा जिला साहू सदन बसंतपुर राजनांदगांव में सर्व समाज हेतु तीन वर्षों से निरंतर निःशुल्क कोचिंग संचालित है। नवोदय विद्यालय में चयन हेतु मेगा मॉक टेस्ट स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगांव में आयोजन किया गया इस टेस्ट में जिले भर से आए 350 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही टेस्ट में टॉप टेन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मैडल व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया आई सेक्ट कंप्यूटर देवरी के संचालक भरत देवांगन व शिक्षक पारख प्रकाश सोनबोइर द्वारा सभी के लिए पुरुस्कार दिया गया। परीक्षा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर.एल.पात्रे, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू,प्राचार्य भरत देवांगन, महेश्वर साहू उपाध्यक्ष,ताम्रध्वज साहू ,पुरूषोत्तम साहू,प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, सचिव अनिल साहू,मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू,तिजेंद्र साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव, डॉ चेतन साहू, धर्मेंद साहू, भगवती साहू, रामचंद्र साहू, भीखू राम साहू, केशव गंजीर, पवन साहू, भोज गंजीर, घनश्याम साहू आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव**
**जिला-राजनांदगाँव**

**// ईश्तहार //**

आवेदक नरेश डाकलिया आ. स्व. श्री जीवन चंद जी डाकलिया निवासी सदर बाजार शहर, तह. व जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पेण्ड्री प.ह.नं. 36 तह. व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 367/1 रकबा 0.0100 हे. भूमि का नक्शा दुरूस्तीकरण किये जाने का निवेदन किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 10/10/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 24/09/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**जारी दिनाँक :- 24/09/2025**
**पेशी दिनॉक : 10/10/2025**

**सील** — **तहसीलदार, राजनांदगाँव**

# महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने के लिए महतारी सदन लोकार्पण कर नारी शक्तियों को समर्पित

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 23 सितम्बर 2025 को सीएम माननीय श्री विष्णु देव साय जी ने प्रदेश में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण कर माता- बहनों से वर्चुवल रूप से चर्चा किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह सदन न केवल महिलाओं की आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार सिद्ध होगा बल्कि उनकी शक्ति, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक होगा, जो शिक्षा, कौशल और उद्यमिता के नए द्वार खोलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुंगेली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवा बानी में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति उमाशंकर साहू जी , महामंत्री भाजपा ग्रामीण नितेश भारद्वाज जी , भाजपा नेता अरविन्द सिंह राजपूत जी , दीपिका विकास रात्रे जी सरपंच ग्राम पंचायत कोदवा बानी , सरपंच प्रतिनिधि मंजीत रात्रे जी , सरपंच ग्राम पंचायत खुरसी श्रीमती सरिता सुरेन्द्र बारमते जी , सचिव विष्णु सिंह राजपूत जी , उपसरपंच प्रतिनिधि राजेश (पालु) साहू , रोजगार सहायक गणेश राम गंधर्व, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) एमबीके श्रीमती कविता राजपूत , सक्रिय महिला सुनीता पोर्ते , अन्नू ध्रुव , मंजू ध्रुव , पशुसखी मंजुला आडिल , जया आडिल , कृषिसखी अनुराधा साहू , राजकुमारी घृतलहरे , तीतरी मंतोषी साहू , रूपकली हिस्सा मोहले , हीरालाल जायसवाल , ताराचंद जांगड़े , सुरेश साहू , कृष्णा निर्मलकर , तोषण कोशले सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न समूह के महिलाएं को लखपति सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509290800009**

विषयः-थ-121
मामले की श्रेणी राजस्व
सनः-2024-2025
बुढ़ानभाठ प.ह.न. 00013 ((80) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार चन्द्रभूषण विश्वकर्मा पिता हरिताल विश्वकर्मा.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभूयण विश्वकर्मा पिता हरिलाल जाति-लोहार, निवासी ग्राम-बुढ़ानभाठ, तहसील-छुईखदान, जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई छ.ग. के माता जी जनकबाई विश्वकर्मा पति हरिताल विश्वकर्मा का स्वर्गवास दिनांक- 11/06/2017 को ग्राम-बुद्धानभाठ में होना उल्लेखित करते हुए ग्राम पंचायत बुढ़ानभाठ में दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियति तिथि दिनांक 25/09/2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. तिथि समाप्त पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर काई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

**सील** — **तहसीलदार छुईखदान (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**:: ईश्तहार::**

रा.प्र.क्र.202505092300014-4/121-वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टीकम पिता बचन जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम सलोनी पटवारी हल्का नं0 03 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि कुल खसरा नं0 258/3 रकबा 0.077 हेक्टेयर भूमि आवेदक की भूमि है। उक्त भूमि पर आवेदक का कास्त कब्जा चला आ रहा है। आवेदक द्वारा आन लाईन बी-1 निकालने पर उक्त भूमि पर सालिकराम पिता अवधराम एवं अन्य 01 का नाम बता रहा है। राजस्व अभिलेख में सालिकराम पिता अवधराम एवं अन्य 01 का नाम विलोपित कर आवेदक टीकम पिता बचन जाति लोधी दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी1 खसरा की प्रति, पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.09.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सील** — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**

**:: ईश्तहार::**

रा.प्र.क. 202505092300017-ब/121-वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता बचन जाति लोधी निवासी ग्राम सलोनी तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम सलोनी पटवारी हल्का नं0 03 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि कुल खसरा नं0 258/2 रकबा 0.072 हेक्टेयर भूमि आवेदक की भूमि है। उक्त भूमि पर आवेदक का कास्त कब्जा चला आ रहा है। आवेदक द्वारा आन लाईन बी-1 निकालने पर उक्त भूमि पर नारायण वर्मा पिता बचन का नाम बता रहा है। राजस्व अभिलेख में नारायण वर्मा पिता बचन का नाम विलोपित कर आवेदक होरीलाल पिता बचन जाति लोधी दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 6/10/202 तक तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तित पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सील** — **नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202509090100002**

विषयः- अ-21 (1)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्रः- 2024-2025
बधियाटोला प.ह.न. 00023
[192/3(0.4050 हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - हुकुम ठाकुर,
अनावेदक पक्षकार -छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुकुम ठाकुर पिता सुकदेव ठाकुर, जाति गोंड़, उम्र 57 वर्ष, निवासी ग्राम अण्डी, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, छ0ग0 द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम बधियाटोला, प.ह.नं.-23, रा.नि.मं. व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 192/3, रकबा 0.405 हे0 को मकान बनाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी श्री दशरथ सोनी आ0 देवलाल सोनी, जाति सोनार, निवासी खुटापारा, वार्ड नंबर-01, डोंगरगढ़ के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु माननीय अध्यक्ष, छ0ग0 विधानसभा को संबोधित कर आवेदन उन्हें प्रेषित किया गया है, जो कार्यालय अध्यक्ष, छ0ग0 विधानसभा के पत्र क्रमांक 4142/2025, रायपुर, दिनांक 14.08.2025 के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.09.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202509090100001**

विषयः- अ-21 (1)
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
राजकट्टा प.ह.न. 00029
[56/2(0.3650 हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार विकास कुमार,
अनावेदक पक्षकार -छ0ग0शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास कुमार पिता विश्वनाथ, जाति गोंड, निवासी ग्राम पक्कीटोला अण्डी, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, छ0ग0 द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम राजकट्टा, प.ह.नं.-29, रा.नि.मं.-चौथना, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 56/2, रकबा 0.365 हे0 को मकान बनाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी श्री दशरथ सोनी आ0 देवलाल सोनी, जाति सोनार, निवासी खुटापारा, वार्ड नंबर-01, डोंगरगढ़ के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु माननीय अध्यक्ष, छ0ग0विधानसभा को संबोधित कर आवेदन उन्हें प्रेषित किया गया है, जो कार्यालय अध्यक्ष, छ0ग0 विधानसभा के पत्र क्रमांक 4142/2025, रायपुर, दिनांक 14.08.2025 के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.09.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/09/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

## ज्ञान मंथन

*1) कौन-सी फिल्म अंतरिक्ष में शूट की जाने वाली पहली फीचर फिल्म है?*

*2) आर्कटिक परिषद किस घोषणा के माध्यम से बनाई गई थी?*

*3) विलिंगडन आइलैंड, भारत के किस शहर में स्थित है?*

*4) अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस हर साल कब मनाया जाता है?*

*5) धनौरी वेटलैंड, जो खबरों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) द चैलेन्ज (2) ओटावा घोषणा (3) कोच्चि (4) 26 जनवरी (5) उत्तर प्रदेश

# कैट के नवीन प्रदेश कार्यालय का भव्य शुभारंभ हुआ

## युवा कैट द्वारा CAIT Connect ऐप एवं वेबसाइट का लॉन्च किया गया

राजू डागा

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमेन श्री मगेलाल मालू, प्रदेश चेयरमेन श्री विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि आज कैट के नवीन प्रदेश कार्यालय का भव्य शुभारंभ हुआ साथ ही ष्ट्रढ्ढञ्ज ष्टशठ्ठठ्ठद्गष्ह्ल ऐप एवं वेबसाइट का लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षयता कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन श्री बृजमोहन अग्रवाल जी एवं विशिष्ठ अतिथि कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री बी.सी. भरतिया जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षयता कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी एवं विशिष्ठ अतिथि कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन माननीय श्री अमर पारवानी जी संरक्षक श्री आसुदामल वाधवानी, श्री ईश्वरचन्द्र अग्रवाल, श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल, श्री परविन्द्रर सिंह भाटिया एवं श्री अनिल बरडिया के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पचश्चात् अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान को प्राथमिकता होनी चाहिए। विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं जिससे भारत के स्थानीय व्यापार को बड़ा नुकसान हो रहा है । उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है, और कीमत भी उचित है। भारतीय उत्पादों की खरीद से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और व्यापारियों को समर्थन मिलेगा। विदेशी वस्तुओं की अंधाधुंध खपत से भारत का व्यापार घाटा बढ़ता है जिसको रोकना जरूरी है। इससे भारतीय संस्कृति, कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प के संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। हम सभी व्यापारियों को स्वदेशी उत्पाद का उपयोग करना चाहिए। कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कैट छत्तीसगढ़ का नवीन प्रदेश कार्यालय अत्यधिक आधुनिक एवं सुज्जित कार्यालय है। यह कार्यालय कैट युवा टीम की मेहनत का प्रतिफ्ल है। युवा कैट द्वारा CAIT Connect ऐप एवं वेबसाइट का लॉन्च किया गया जो प्रंशसनीय कार्य है।



# बिरला ओपन माइंड्स प्री स्कुल तथा ओपन माइंड्स ऐकेडमी में कृतज्ञता दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** 22 सितम्बर नगर के प्रमुख वी.आई. पी. रोड अनुपम नगर स्थित बिरला ओपन माइंडस प्री स्कुल तथा ओपन माइंडस ऐकेडमी में कृतज्ञता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने समाज में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर पुलिसकर्मी विक्रेता एवं विद्याालय के सहयोगियों(हेल्पर्स) के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों ने सभी को गुलाब का फूल भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष दिवस की आयोजन में स्कूल की नन्हें बच्चे डॉक्टर्स की क्लिनिक पुलिस कार्यालय एवं मुख्य बाजार में स्वयं जाकर फूल भेंट किये। विद्याालय की प्रिंसिपल ऋचा ठाकुर ने कहा कृतज्ञता केवल एक भावना नहीं बल्कि जीवन जीने का संस्कार है। बच्चों में यह मूल्य स्थापित करना हमारे लिए गर्व की बात है। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर डॉ ज्ञानेश श्रीवास्तव तथा श्रीमती अंजू आहूजा ने संयुक्त रूप से अपने संदेश में कहा समाज में सेवा देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करना आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों को न केवल संस्कारिक करते है, बल्कि उन्हें बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित भी करते हैं। साथ ही उन्होंने नन्हें नौनिहालों में इस तरह की राष्ट्र की प्रति कृतज्ञता का संचार करने वाले आयोजन निरंतर आयोजित करते रहने की प्रेरणा दी तथा शुभकामनाये प्रेषित की।आयोजन का मुख्य उददेश्य विद्यार्थियों में सम्मान कृतज्ञता और सामाजिक मूल्यों की भावना विकसित करना रहा। बच्चों ने यह संदेश दिया कि समाज की प्रगाति में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान आवश्यक है और हमें उनके प्रति सदैव आभार प्रकट करना चाहिए।



# गायत्री विद्यापीठ में क्लासरूम मैनेजमेंट विथ सैंडविच मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्रीविद्यापीठ में विद्यालयीन शिक्षकों के बीच स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा केमार्गदर्शन में एक अनोखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय च्सैंडविच मेकिंगविथ क्लासरूम मैनेजमेंटज्ज् था। प्रतियोगिता का विशेषता यह रही कि इसमें सैंडविच मेकिंगको माध्यम बनाकर सभी विषयों इंग्लिश, हिन्दी, गणित, विज्ञान, भौतिकी, सामाजिक विज्ञानजैसे महत्वपूर्ण विषयों का समावेश कर शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता और कक्षा प्रबंधनकौशल को प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों ने समूहों मेंमिलकर स्वादिष्ट सैंडविच तैयार किए और उन्हें आकर्षक ढंग से सजाकर प्रस्तुत किया। प्रस्तुतिकरणके दौरान उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार कक्षा प्रबंधन को सुव्यवस्थित, सरल औरप्रभावी बनाया जा सकता है। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक कार्यरतशिक्षकों ने भाग लिया।इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजानायर ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ शिक्षण कार्य को और अधिक जीवंत एवं आनंदमय बनाती है।यह शिक्षकों को नवीन पद्धतियों के प्रयोग हेतु प्रेरित करती है। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती उषा झासे मिली जानकारी के अनुसार शाला की विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन की सराहना करते हुएभविष्य में भी ऐसे नए प्रयोगों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव देते हुएस्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया और सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर आयोजनकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। निर्णायक के रूप में श्रीमती नेहा गुप्ता आमंत्रित थी।इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्षअध्यक्ष प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती दीपालीरायचा, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीतसिंह टूटेजा द्वारा शुभकामनाएं दी गई।



# कमला महिला कॉलेज में मनोविज्ञान परिषद का गठन, छात्राओं को सौंपे गए दायित्व

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 20 सितंबर 2025 को मनोविज्ञान परिषद् का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव एवं मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर की उपस्थिति में विभिन्न पदों के लिए छात्राओं का मनोनयन किया गया।एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्या जसवानी को परिषद का अध्यक्ष, आंचल सोनी को सचिव तथा संध्या यादव को कोपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं संतोपी यादव को उपाध्यक्ष तथा प्रियंका मानिकपुरी को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने सभी नव.निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनोविज्ञान विभाग महाविद्यालय का एक प्रमुख विभाग है। परिषद् के माध्यम से छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विभाग की पहचान और प्रतिष्ठा बढ़ानी होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने बताया कि दुर्ग विश्व विद्यालय के अंतर्गत संचालित एकमात्र मनोविज्ञान शोध केन्द्र हमारे महाविद्यालय में स्थित है, जो कि गौरव की बात है। अभी तक यहां से तीन छात्राओं को पीएचडी की उपाधि मिल चुकी है और वर्तमान में 10 शोधार्थी अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक डॉ. मोना माखीजा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मनोविज्ञान की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। यह विषय करियर के अनेक रास्ते खोलता है। छात्राएं लगन और समर्पण से अध्ययन करें तो भविष्य में अपार संभावनाएं उनके सामने होंगी।



# सरपंच व सचिव पर 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग का आरोप

## मामला - ग्राम पंचायत चौथना का

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चौथना के ग्रामीणों द्वारा सरपंच व वर्तमान सचिव के द्वारा 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग कर कार्य कराने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत को लेकर डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) एम भार्गव से सौजन्य मुलाकात कर इस विषय में चर्चा कर ज्ञापन के माध्यम से शिकायत की गई है और पूरे मामले में सूक्ष्मता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। बुधवार को ग्राम पंचायत चौथना के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण महिला पुरुष तहसील कार्यालय पहुंचकर सचिव वन्दना मेश्राम व सरपंच मालती उइके द्वारा 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करने की शिकायत को लेकर बताया गया कि ग्राम पंचायत चौथना के आश्रित ग्राम भर्रीटोला में शासकीय 15 वे वृत्त्त की राशि को नीजि भूमि में बोर कराकर हैंडपंप बनाया गया है जबकी वह शासकीय भूमि पर होना था। किसी नीजि व्यक्ति के भूमि में नहीं। जब इसकी भनक ग्रामवासियों को लगी तो ग्राम सभा की मिटींग में इस विषय पर चर्चा करने पर खुलासा हुआ। जिसमें सरपंच पति द्वारा बोला गया कि हमने जिसकी भूमि है उसकी सहमति लिये है। परन्तु हैंडपंप जून 2025 में हुआ है और सरपंच द्वारा अगस्त में एक 10 रू. का स्टांप लाकर स्वयं द्वारा लिखवाया गया है जिसमें नोटरी भी नही कराया गया है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जलजीवन मिशन के अंतर्गत पी. एच. ई. विभाग द्वारा टंकी व पाईप लाईन का पूर्व में ग्राम में कार्य कराया गया था। जिसमें सरपंच द्वारा 80 हजार रू. का रिपेरिंग कार्य 15 वे वृत्त की राशि से कराया गया है। सिर्फरिपेयरिंग में इतना जादा खर्च संदेह जनक है। वहीं दूसरी ओर पंचायत चुनाव में लगभग 90 हजार रू. का खर्च भी 15 वे वृत्त की राशि से इनके द्वारा खर्च किया गया बताया गया है। आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा मीटिंग मे बिना एजेंडा लिखें पंजी मे ग्राम वासियों को हस्ताक्षर कराया जाता है । सचिव के द्वारा वित्तीय अनियमितता किया गया है जिसकी जांच कराया जाए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो।



**एसडीएम ने दिए जांच के आदेश**- पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए डोंगरगढ़ एसडीएम एम भार्गव ने नायब तहसीलदार मेघा जैन को संबंधित अधिकारी के द्वारा जांच कराए जाने निर्देशित किया गया है।

**आरोप निराधार है। जरूर जांच होनी चाहिए - सचिव** - इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत चौथना की सचिव श्रीमती वंदना मेश्राम ने ग्रामीणों के द्वारा लगाए गए सारे आरोपों को सिरे से खारिज करते निराधार बताया गया। श्रीमती मेश्राम ने बताया कि जलजीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा टंकी पाईप लाइन में बोर रिपेरिग का कार्य पूरी जानकारी राशि सहित पंचों को दी गई है। वहीं आश्रित ग्राम में 40 हजार की राशि से बोर खनन का कार्य किया गया है जिसमें जमीन मालिक द्वारा उक्त जमीन को दानपत्र के माध्यम से पंचायत को दिया गया है। जिसका सत्यापित दस्तावेज ग्राम पंचायत में है जिसकी कॉपी जनपद सीओ व करारोपण अधिकारी को दिखाई गई है। वहीं ग्राम सभा की बैठक में बिना एजेंडा हस्ताक्षर के मामले में बताया गया कि ग्राम सभा के दौरान एजेंडा लिखते समय लोग काम का बहाना बना कर हस्ताक्षर कर बीच में ही उठकर चले जाते हैं, जिसमें सचिव व सरपंच का क्या दोष? वहीं दूसरी ओर पंचायत चुनाव में 90 हजार रूपये खर्च किए जाने के आरोप को सरासर गलत बताते हुए कहा कि कुछ लोगों के द्वारा मनगढ़त कहानी बनाकर शिकायत की गई है जो बेबुनियाद है और मामले में सूक्ष्मता से जांच होनी चाहिए तभी सच्चाई खुलकर सामने आएगी ।



# निधन

### शैलबाला वैष्णव

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के वार्ड नं. 2 किल्ला पारा निवासी शैल वैष्णव पति जितेन्द्र कुमार वैष्णव का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे लगभग 56 वर्ष की थी। वे सांई टूर एंड ट्रेवल्स की संचालिका थीं तथा अंचल में लोगों को धार्मिक यात्रा पर ले जाने के लिए प्रसिद्ध थीं। उनका अंतिम यात्रा उनके निज निवास से स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया,वे अपने पीछे पति सेवानिवृत्त शिक्षक जितेन्द्र कुमार वैष्णव तथा चार पुत्रियों का भरापरा परिवार छोड़ गईं।

## धर्म समाचार....

# विनायक चतुर्थीके दिन इस तरह करें गणपति बप्पा को प्रसन्न, जीवन में नहीं आएगी कोई बाधा

हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही विधिपूर्वक व्रत भी किया जाता है। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विनायक चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस दिन पूजा के दौरान गणेश चालीसा का पाठ जरूर करना चाहिए।

वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार आश्विन माह में 25 सितंबर को विनायक चतुर्थी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और व्रत करने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, चतुर्थी व्रत करने से साधक के जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर होती हैं। साथ ही सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। अगर आप भगवान गणेश को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो विनायक चतुर्थी की पूजा में गणेश चालीसा का पाठ करें। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस चालीसा का पाठ करने से सभी कामों में सफलता मिलती है और गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है।

विनायक चतुर्थी 2025 शुभ मुहूर्त

आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरुआत- 25 सितंबर को सुबह 07 बजकर 06 मिनट पर

आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का समापन- 26 सितंबर को सुबह 09 बजकर 33 मिनट पर

**गणेश चालीसा**

**दोहा**

जय गणपति सदगुणसदन, कविवर बदन कृपाल।
विघ्न हरण मंगल करण, जय जय गिरिजालाल॥

**चौपाई**

जय जय जय गणपति गणराजू।
मंगल भरण करण शुभ काजू॥
जय गजबदन सदन सुखदाता।
विश्व विनायक बुद्धि विधाता॥
वक्र तुण्ड शुचि शुण्ड सुहावन।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन॥



राजत मणि मुक्तन उर माला।
स्वर्ण मुकुट शिर नयन विशाला॥
पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं॥
सुन्दर पीताम्बर तन साजित।
चरण पादुका मुनि मन राजित॥
धनि शिवसुवन षडानन भ्राता।
गौरी ललन विश्व-विख्याता॥
ऋद्धि-सिद्धि तव चंवर सुधारे।
मूषक वाहन सोहत द्वारे॥
कहौ जन्म शुभ-कथा तुम्हारी।
अति शुचि पावन मंगलकारी॥
एक समय गिरिराज कुमारी।
पुत्र हेतु तप कीन्हो भारी॥
भयो यज्ञ जब पूर्ण अनूपा।
तब पहुंच्यो तुम धरि द्विज रुपा॥
अतिथि जानि कै गौरि सुखारी।
बहुविधि सेवा करी तुम्हारी॥
अति प्रसन्न है तुम वर दीन्हा।
मातु पुत्र हित जो तप कीन्हा॥
मिलहि पुत्र तुहि, बुद्धि विशाला।
बिना गर्भ धारण, यहि काला॥
गणनायक, गुण ज्ञान निधाना।
पूजित प्रथम, रुप भगवाना॥
अस कहि अन्तर्धान रुप है।
पलना पर बालक स्वरुप है॥
बनि शिशु, रुदन जबहिं तुम ठाना।
लखि मुख सुख नहिं गौरि समाना॥
सकल मगन, सुखमंगल गावहिं।
नभ ते सुरन, सुमन वर्षावहिं॥
शम्भु, उमा, बहु दान लुटावहिं।
सुर मुनिजन, सुत देखन आवहिं॥
लखि अति आनन्द मंगल साजा।
देखन भी आये शनि राजा॥
निज अवगुण गुनि शनि मन माहीं।
बालक, देखन चाहत नाहीं॥
गिरिजा कछु मन भेद बढ़ायो।
उत्सव मोर, न शनि तुहि भायो॥
कहन लगे शनि, मन सकुचाई।
का करिहौ, शिशु मोहि दिखाई॥
नहिं विश्वास, उमा उर भयऊ।
शनि सों बालक देखन कहाऊ॥
पडतहिं, शनि दृग कोण प्रकाशा।
बोलक सिर उड़ि गयो अकाशा॥
गिरिजा गिरीं विकल हुए धरणी।
सो दुख दशा गयो नहीं वरणी॥
हाहाकार मच्यो कैलाशा।
शनि कीन्हो लखि सुत को नाशा॥तुरत गरुड़ चढ़ि विष्णु सिधायो।
काटि चक्र सो गज शिर लाये॥
बालक के धड़ ऊपर धारयो।
प्राण, मंत्र पढ़ि शंकर डारयो॥
नाम गणेश शम्भु तब कीन्हे।
प्रथम पूज्य बुद्धि निधि, वन दीन्हे॥बुद्धि परीक्षा जब शिव कीन्हा।
पृथ्वी कर प्रदक्षिणा लीन्हा॥
चले षडानन, भरमि भुलाई।
रचे बैठ तुम बुद्धि उपाई॥
धनि गणेश कहि शिव हिय हरषे।
नभ ते सुरन सुमन बहु बरसे॥
चरण मातु-पितु के धर लीन्हें।
तिनके सात प्रदक्षिण कीन्हें॥
तुम्हरी महिमा बुद्धि? बड़ाई।
शेष सहसमुख सके न गाई॥
मैं मतिहीन मलीन दुखारी।
करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी॥भजत रामसुन्दर प्रभुदासा।
जग प्रयाग, ककरा, दुर्वासा॥
अब प्रभु दया दीन पर कीजै।
अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजै॥
श्री गणेश यह चालीसा।
पाठ करै कर ध्यान॥
नित नव मंगल गृह बसै।
लहे जगत सन्मान॥

**दोहा**

सम्वत अपन सहस्त्र दश, ऋषि पंचमी दिनेश।पूरण चालीसा भयो, मंगल मूर्ति गणेश॥

nandgaon times sep-25-2.qxd 9/24/2025 11:56 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गंज लाइन दुर्गोत्सव समिति महेश पथ गंज लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़

# सनसिटी में तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के प्रतिष्ठित सोसायटी महावीर सनसिटी में शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष श्री आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में 25, 26 व 27 सितंबर को तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय होने वाले इस भव्य आयोजन में पहले दिन राजस्थानी थिम, दूसरे दिन बालीवुड थिम व तीसरे अंतिम दिन गुजराती थिम की जोर शोर से तैयारी चल रही है।

तीनों दिन के गरबा महोत्सव में थिम अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी, जिनमें आकर्षक पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। गरबा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी सहयोगी परिवार के लिए हाई टी की भी पूरी व्यवस्था की गई है। तीन दिवसीय इस गरबा महोत्सव में नवीन ज्वेलर्स, अजंता जनरल स्टोर व पंजाब नेशनल बैंक द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है। गरबा महोत्सव में सोसायटी के सचिव दिलीप गोलछा, कोषाध्यक्ष राजेश डागा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी के विशेष मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारी की जा रही है।सोसायटी के बास्केटबॉल ग्राउंड को गरबा हेतु भव्य सजावट की जा रही है। गरबा महोत्सव के लिए अतुल चोपड़ा, योगेश कोटक, मनीष साहिता, किर्ति भोजानी, रुपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, देविका मानेक, दिप्ती बिंदल, रुचि श्रीवास्तव, रितिका तिवारी, पिंकी माहेश्वरी, नीलम सोनी, अर्पिता जेठानी, मनीषा देवांगन, विभा गुप्ता व लालू सांखला को प्रभारी नियुक्त किया गया है। तीन दिवसीय गरबा महोत्सव में सहयोगी परिवार हेतु लक्की ड्रा रखा गया है, जिसमें विभिन्न उपहार सुनिश्चित है। सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा का सोसायटी के सभी सदस्यों से आग्रह है कि पारिवारिक माहौल में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में सोसायटी के सदस्य अवश्य भाग लेवें और एक परिवार का परिचय दें। यह जानकारी सोसायटी के मिडिया प्रभारी मनीष साहिता व कुणाल शर्मा ने दी।

# वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों को जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में पदोन्नति



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा वरिष्ठ व्यायाम शिक्षकों को विभिन्न जिलों में जिला क्रीडा अधिकारी के रूप में पदोन्नति किया गया है। जिसमें राजनंदगांव जिला क्रीड़ा अधिकारी के रूप में अनिल सिंह गौतम नियुक्त हुए। अनिल गौतम मूलत डोंगरगढ़ निवासी हैं वे डोंगरगढ़ के प्रसिद्ध आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत रह चुके हैं । वर्तमान में जे आर डी हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्ग में कार्यरत थे । कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल जिला के समक्ष श्री गौतम ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह ठाकुर डोंगरगढ़ विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर छुरिया विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी विमल साहू डोंगरगढ़ से राणा अजय सिंह बाबूराव जनबंधु उपस्थित थे।गौतम के जिला क्रीड़ा अधिकारी नियुक्त होने पर डोंगरगढ़ के समस्त व्यायाम शिक्षक श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया भागचंद लिल्हारे पन्नालाल मडामें त्रिलोक जम्बुलकर तरुण वरकडे चंद्रहास साहू श्रीमती पूनम टेंभुरकर इंदु मेश्राम देवेंद्र अंबाडे हरिस साहू राकेश रामटेके तरुण साहू श्रीमती आयुषी मिश्रा एवं डोंगरगढ़ के समस्त खेल प्रेमी ने गौतम को हार्दिक शुभकामनाएं दी।


## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती वार्ड एवं बूथ स्तर पर मनाई जाएगी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनसंघ के आधार स्तंभ अंत्योदय सिद्धांत के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती को भारतीय जनता पार्टी देशभर में उत्साह एवं उमंग के साथ मनाती है। इसी परिपेक्ष्य में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सभी 51 वार्डों में मनाई जाएगी, जिसमें सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाएंगे। और इस हेतु मंडल अध्यक्ष गोलु गुप्ता, सुमित भाटिया, खिलेश्वर साहू,मनोज साहू ने बताया कि सभी वार्ड एवं बूथों के प्रभारी बनाए गए हैं, जो जयंती समारोह में शामिल होंगे। साथ ही शक्ति केंद्र तथा मंडल स्तर पर भी प्रदेश भाजपा से पदाधिकारी को जवाबदारी दी गई है।

**प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन डोंगरगांव के कार्यक्रम में शामिल होंगे**

भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं रविन्द्र वैष्णव,राजेंद्र गोलछा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के आयोजन में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष श्री नंदन जैन विशेष रूप से उपस्थित होंगे, इसी तरह से प्रमुख मंडलों में वरिष्ठ नेताओं को प्रदेश भाजपा ने जवाबदारी सौंपी गई है।

# सिंघोला मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1000 से अधिक ज्योति कलश हुई प्रज्वलित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से लगे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ समिति सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी सिंघोला में प्रात: स्मरण ममतामयी मां भानेश्वरी जिनकी दिव्य शक्ति आत्मा के उद्धार एवं उत्थान के स्नेह पूर्ण छाया भव्य शक्तिपीठ में अद्भुत विराजमान है। जहां भक्तजन मनोरथ की प्राप्ति के लिए शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व रामनवमी और दुर्गा नवमी में ज्योति प्रज्वलित की जाती है।जिसमें ज्योति प्रज्वलित घी मे 1501 रुपए, तेल 1101 रुपए राशि जमा कर माँ की चरण बिंदु पर मां की प्रेम पुष्प अर्पित करते हैं। कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित 24 सितंबर दिन बुधवार को किया गया। पंचमी कलश स्थापना 28 सितंबर को, हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहूती 1 अक्टूबर को और ज्योति जवारा विसर्जन और शोभायात्रा 2 अक्टूबर को संपन्न होगा।समिति के दिलीप कुमार ठाकुर, नंद नरेंद्र साहू,भोजराम साहू,सुरेश साहू,रोशन साहू, कुबेर साहू, लखन साहू, पुरानिक राम, रामबिलास, अमर सिंह, भूवन सहित ग्रामीण जनो ने नवरात्रि पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं किया।

# असीस कौर के गीतों से गूंजेगा म्युनिसिपल स्कूल मैदान

## विजयदशमी महोत्सव को लेकर छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति की बैठक आयोजित, एआई आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केन्द्र

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विजयादशमी पर्व के मौके पर इस वर्ष भी म्युनिस्पिल स्कूल मैदान में भव्य आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के द्वारा आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में इस बार मुंबई की असीम कौर अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के सभी प्रमुख सदस्यों ने पिछले अनुभवों के आधार पर विजयादशमी महोत्सव को और बेहतर बनाने अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई परअच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 18वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के लिए मुंबई से असीस कौर आ रही है। असीम कौर पहली बार कपूर एंडसंस के रोमांटिक हिट गाने श्बोल नाश्से सुर्खियों में आई थी।



इस के बाद उन्होंने हिंदी, पंजाबी और हरियाणवी भाषा में कई सुपरहीट गाने दिए। बताया गया कि असीमकौर ने पांच साल की उम्र से ही संगीत की दुनिया में कदम रख दिया था। वह गुरबानी और सूफी परंपराओं में निहित एक संगीतमय रूप से समृद्ध परिवार सेतालुकात रखती है। संगीत की दुनिया में अपना कदम बढ़ाते हुए उन्हाने खुद को लाइव कलाकार के रूप में प्रतिष्ठित किया,और धीरे धीरे विश्वविख्यात हो गई। असीस कौर लंदन में प्रतिष्ठित 2 एरिना, दुबई एक्सपो और दुबई में को काकोला एरिना में अपनी आवाज की जादू का जलवा बिखेर चुकी है और अपनी स्वर की कला का लोहा मनवा चुकी है। उनके कुछ फेमस ट्रैक जैसे वे माही (केसरी), आँख लड़ जावे (लवयात्री), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (टाइटल ट्रैक), मखना (ड्राइव), और उनका हालिया हिट इश्कमें (नादानियाँ) शामिल हैं। इन गानों का युवाओं के बीच अलग ही क्रेज है। असीस ने अपनी आवाज़ से धार्मिक औरभक्ति संगीत को भी धार दी है, जिसमें सतनाम वाहेगुरु, कृष्णा तेरी हो गई जैसे गाने और शबद (पंजाबी आध्यात्मिक मंत्र) शामिल हैं। सौरभ कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के आतिशबाजो की टीम इस वर्ष भी बेहतरीन नयनाभिराम, रोमांचकआकाशीय आतिशबाजी का प्रदर्शन करेगें। खास बात यह है किआतिशबाजी में इस बार एआई तकनिक का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फिट काआकर्षक रावण होगा।

समिति के मिडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, रघु शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शको की सुविधा के लिए प्रतिवर्षानुसार आमंत्रण पत्र व नि:शुल्क पास वितरित किए जाएगें। इस वर्ष कुर्सीयों की संख्या बढ़ाई जा रही है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यानमें रखते हुए पास में गेट नंबर अंकित किये जायेंगे। इसकेअलावा दर्शकों को फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारो पर सीसीटीवी कैमरेंभी लगाए जा रहे हैं।

## संस्कार सिटी कॉलेज में गरबा महोत्सव, मां अंबे की आरती के साथ हुई शुरुआत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी के प्रतिष्ठित



शिक्षण संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला में बुधवार 24 अगस्त को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मां अंबे की विधिवत आरती और पूजन के साथ हुई। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा, सभी सहायक प्राध्यापक और प्रशिक्षणार्थी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पूजा के बाद पारंपरिक गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। गरबा की थाप पर सजे-धजे विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों में शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन के अंत में सभी को हलवा-पूरी का प्रसाद वितरित किया गया। कॉलेज परिवार की ओर से बताया गया कि इस तरह के आयोजनों से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को बल मिलता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com